## एक नजर में

### युवा संगम के तहत काउंसलिंग जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा संचालित कैरियर काउंसलिंग योजनान्तर्गत शिक्षित वेरोजगार आवेदकों को कॅरियर मार्गदर्शन सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इस हेतु जिला टीकमगढ़ के हाईस्कूल, हायरसेकेण्डरी विद्यालयों, तकनीकि शैक्षणिक संस्थाओं, महाविद्यालयों, छात्रावासों एवं युवासंगम अंतर्गत रोजगार मेलों में जाकर काउंसलिंग कार्य किया जाना है।**

इस हेतु सत्र 2026-27 हेतु कार्यालय को अनुभवी गेस्ट मनोवैज्ञानिक व विषय विशेषज्ञों की आवश्यकता है। ताकि समय-समय पर कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम, सत्रों को संचालित किया जा सकें। यह किसी प्रकार का जॉब नहीं है, इसमें आवश्यकतानुसार काउंसिलिंग कार्य हेतु आमंत्रित किया जायेगा। मनोवैज्ञानिक हेतु अनिवार्य योग्यता मनोविज्ञान विषय से स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा या इन कैरियर काउंसिलिंग अथवा समकक्ष है, विषय विशेषज्ञ हेतु डिग्री डिप्लोमा साथ ही एडमीशन, प्रतियोगी परीक्षाओं या स्वरोजगार के क्षेत्र में अनुभव हो। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन 25 मई 2026 को शाम 5 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय, संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में उपस्थित होकर स्वयं जमा कर सकते हैं।

# परिषद की बैठक आज, 74 बिन्दुओं पर होगा विचार

**शासन द्वारा चुनी गई अध्यक्ष की पहली बैठक**

**सभी पार्षदों को जारी किया गया बैठक का एजेंडा**

(आमिर खान)

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। नगर विकास को लेकर लंबे समय बाद नगर पालिका परिषद की बैठक आज आयोजित होने जा रही है। इस बैठक में कुल 74 बिन्दुओं पर विचार किया जाएगा। शासन द्वारा बनाई गई अध्यक्ष की यह पहली परिषद है। इसलिए इस पर सबकी निगाहें टिकी हैं। वहीं भाजपा के पास ज्यादा समर्थन है। जबकि कांग्रेस बहुमत से पीछे है। इसलिए यह माना जा रहा है कि परिषद में आने वाले तमाम बिन्दुओं पर मुहर लगेगी और शहर में विकास की गति और तेज होगी।**

नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ में आज दोपहर 2 बजे से परिषद सम्मेलन रखा गया है। यह सम्मेलन अध्यक्ष श्रीमती अंजली शर्मा की अध्यक्षता में होगा। इसमें नगर विकास से जुड़े कुल 74 बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके बाद वहां मौजूद पार्षद सहमति एवं असहमति दर्ज कराएंगे। परिषद सम्मेलन को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं। सभी पार्षदों को नियमानुसार एजेंडा भी नगर पालिका सीएमओ ओमपाल भदौरिया द्वारा जारी करा दिया गया है। इस बार होने वाली नगर पालिका की परिषद बैठक में विभिन्न वार्डों के विकास कार्य को लेकर बिन्दु शामिल किए गए हैं। इनमें वार्ड नंबर 01,02,03,05,06 एवं वार्ड 07 में विभिन्न स्थानों पर सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य की स्वीकृति पर विचार किया जाएगा। साथ ही वार्ड नंबर 8 में स्मार्ट बाजार, पाईप लाइन, पिंक टॉयलेट पर विचार होगा। साथ ही वार्ड नंबर 09 में आरसीसी कवर्ड नाली रोड़ निर्माण पर चर्चा होगी। वार्ड नंबर 10 में भी बीटी रोड़ निर्माण पर विचार होगा और सहमति या असहमति बनेगी।

इसके बाद आगे वार्ड नंबर 11 में सीसी रोड़ इसी प्रकार वार्ड नंबर 12 में भी नाली निर्माण का बिन्दु एजेंडे में शामिल है। साथ ही वार्ड नंबर 13 में सामुदायिक भवन में चार कमरा, किचिन, लेट-बाथ एवं ग्राउंड के अंदर सीसी रोड़ तथा मैन आयरन गेट लगवाने पर चर्चा होगी। वार्ड नंबर 14 में नाली को कवर्ड, 16 में सीसी रोड़ नाली निर्माण, वार्ड 17 में स्मार्ट फुटपाथ निर्माण कार्य, वार्ड नंबर 18 में डामरीकरण का कार्य किया जाना है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 19 में पाईप लाईन बिछाने की चर्चा होगी। वार्ड नंबर 20 में पार्क का सौन्दर्यीकरण, ओपिन जिम एवं मरम्मत के कार्य शामिल हैं। वार्ड नंबर 21 में सीसी रोड़ एवं नाली निर्माण, वार्ड नंबर 22 में स्मॉल बोर्ड पाईप कंबेऐंस सिस्टम बनाए जाने पर विचार किया जाएगा। वार्ड नंबर 25 में सीवर लाईन डलवाए जाने को लेकर चर्चा होगी। वार्ड नंबर 26 में सामुदायिक भवन बनाने पर विचार किया जाएगा।

इसी प्रकार आगे चर्चा बढ़ते हुए वार्ड नंबर 27 की विभिन्न गलियों में डामरीकरण का कार्य किया जाना है। साथ ही शहर के बदक चौराहे के आगे अंबेडकर सामुदायिक भवन निर्माण, नवीन बस स्टेण्ड पर सीसी रोड़ निर्माण कार्य, मऊ रोड़ से मामौन पहाड़ी तक सीसी रोड़ एवं नाली निर्माण, शहर के निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर बोर खनन एवं हैण्डपंप खनन पर विचार किया जाना है। नगरीय क्षेत्रांतर्गत डिवाईडर एवं स्पीड ब्रेकर कार्य की स्वीकृति पर विचार होगा। वार्ड 5 में आरसीसी नाली निर्माण कार्य, वार्ड 17 में सीसी रोड़, नाली निर्माण, स्मार्ट फुटपाथ नाला निर्माण, बीटी रोड़ निर्माण कार्य की दर स्वीकृति पर विचार आगे वार्ड 18 के विभिन्न स्थानों पर सीसी निर्माण कार्य की स्वीकृति, वार्ड नंबर 20, 21, 24, 25 में सीसी सड़क नाली निर्माण पर स्वीकृति चर्चा होगी। साथ ही आगे वार्ड 5 में निर्माण कार्य की पुनरीक्षित स्वीकृति एवं समयवृद्धि पर विचार। वार्ड 9, 10, 12, 18 में विभिन्न स्थानों पर सीसी सड़क एवं नाली निर्माण पर चर्चा। फिर आगे बैठक में नगर में एबीसी सेंटर के निर्माण कार्य की दर स्वीकृति एवं भूमि चिंहाकन स्वीकृति पर विचार किया जावेगा। इसी प्रकार आगे नगर में आश्रय स्थल का निर्माण कार्य पर चर्चा की जाएगी। इतना ही नहीं इन बिन्दुओं के साथ अनेक अधूरे पड़े बड़े-बड़े निर्माण कार्यों पर चर्चा होना इस परिषद की बैठक में तय माना जा रहा है। इसमें शहर में ऑडिटॉरियम दर स्वीकृति, पुराने स्टेण्ड पर अखबार वितरित करने वालों को हॉकर्स जॉन निर्माण पर विचार किया जाएगा। कुल 74 बिन्दुओं पर चर्चा होगी।

### इन पार्षदों पर रहेगी बैठक में अहम नजर

नगर पालिका में चल रही तिकड़मबाजी के चलते हर परिषद में हंगामा होता है। पिछली परिषद में तो कुर्सियां तक फेंकी गई थी। यहां खेल बहुमत पर खेला जाता है। भाजपा के पास पहले बहुमत नहीं था, लेकिन कांग्रेस के पार्षद एवं निर्दलियों ने भाजपा का दामन थामा था तो वह बहुमत में हो गए। इसलिए इस परिषद में दल-बदलकर आए उन पार्षदों पर अहम नजर रहेगी कि इस बार वह अपनी किन मांगों को लेकर हंगामा करते हैं। इन पार्षदों में हबीब राईन, अंशुल जैन मोना, रामकुमार यादव, अरविन्द रजक, राखी यादव एवं सीताबाई कुशवाहा शामिल हैं।

### क्या सारे बिन्दुओं को मिलेगी स्वीकृति ?

नगर पालिका परिषद की बैठक में इस बार कुल 74 बिन्दुओं की स्वीकृति पर विचार होना है। ऐसे में अब सवाल यही है कि क्या इन सारे बिन्दुओं को स्वीकृति मिल जाएगी या फिर पहले की परिषदों जैसे ही हंगामा कर चिह्नित बिन्दुओं को स्वीकृति देकर परिषद खत्म कर दी जाएगी। इस बार जनता की नजर इन सभी पर इसलिए है क्योंकि नगर पालिका में अब्दुल गफ्फार के जाने के बाद शासन द्वारा चयनित डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा इसकी अध्यक्षता करने जा रही हैं। खबर तो यही है कि कई पार्षद शासन के इस फैसले से खफा हैं, तो क्या उनकी नाराजगी बैठक में दिखेगी।

## टीकमगढ़ जिले की डायरी

### रेत कारोबार में नेताओं के गठजोड़ पर फिरा पानी

रेत कारोबार के खेल में नेताओं के गठजोड़ पर आखिर में पानी फिर गया। मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश के बाद कलेक्टर ने इस सिंडिकेट की कमर तोड़ दी। बात भी सही है कि जब ऐसे खेल खेले जाते हैं तो शासन ही नहीं, बल्कि प्रशासन के लोगों की छवि भी धूमिल होती है। शायद इसी कारण बड़े साहब ने इसको नजरअंदाज न करते हुए गंभीरता से लिया और अपनी एक विशेष टीम से जिले के तमाम नदियों पर चल रहे अवैध रेत के कारोबाद पर विराम लगाने का काम कर डाला। रेत के खेल में बड़े-बड़े नेताओं के करीबियों का आत्मविश्वास ऐसा था कि उन्हें किसी का डर न हो, वह तो खुलेआम इस खेल को चलाने का दावा कर रहे थे, लेकिन उन बेचारे रिश्तेदारों के इस दावे को बड़े साहब ने जमीदोज कर एक कठोर संदेश देने का काम किया। पिछले हफ्ते की गई कार्यवाहियों ने साहब ही नहीं पूरे प्रशासनिक अमले की छवि बनाने का काम किया है ।

### उपयंत्रियों की चालाकी नहीं समझ पा रहीं मैडम

शासन द्वारा नगर पालिका में अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाई गई मैडम इतनी सरल और सहज है कि इसके चक्कर में वह अपने ही कुछ उपयंत्रियों की चालाकी को समझने में बहुत पीछे हैं। यह इसलिए कहेंगे क्योंकि जब पिछले दिनों अध्यक्ष साहिबा सड़कों की जांच कर रही थी, तो उसी सड़क से जुड़े उपयंत्री साहब उनकी पीठ पीछे हंसते उनका मजाक बना रहे थे। इससे साफ जाहिर होता है कि उपयंत्री साहब अपने आपको बेहद चालाक और होशियार समझ रहे हैं। शायद इसीलिए घटिया सड़कों से इन्हें कोई लेना-देना नहीं। मैडम आप चाहे कितनी भी मेहनत कर लें, लेकिन आपकी मेहनत पर उपयंत्री साहब पानी फेरते दिखाई दे रहे हैं, क्या हुआ उन पांच सड़कों का जिन पर कठोर कार्यवाही होने का दावा किया था।

### ...आखिर में बात खनिज वाले प्रभारी साहब की.

...आखिर में बात कर लेते हैं खनिज वाले प्रभारी साहब की. यह साहब वही है, जो अक्सर विवादों में रहा करते हैं। खनिज के साहब ट्रेनिंग पर चले गए तो इनका खूब चर्राटा है। यह इन दिनों तानाशाह की तरह काम करने में लगे हैं। कई व्यापारी इनसे परेशान हैं। क्योंकि इन साहब का दिमाग अलग ही है। यह तो मीडिया के लोगों से भी चिड़चिड़ाकर बात करते हैं और धमकियां देते हैं, बड़े साहब जरा इनको समझाईए यह तानाशाह नहीं, बल्कि जनता के नौकर हैं।

**आमिर खान, दैनिक नवभारत**

# सुबह से लेकर देर शाम तक चलती रहीं गर्म हवाएं



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। भीषण गर्मी का दौर जारी है। रविवार को सुबह से तेज धूप के साथ हवाएं चल रही हैं। अधिकतम तापमान लगातार 44 से 45 डिग्री के बीच बना हुआ है। शनिवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया था।**

मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिनों तक अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30 से 32 डिग्री रहने की संभावना है। टीकमगढ़ सहित आसपास के जिलों के लिए लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक गर्म हवाएं चलने का अनुमान है।रात का तापमान भी 29 से 30 डिग्री तक पहुंच रहा है, जो सर्दियों के दिनों में अक्सर दिन का तापमान रहता है। यह दर्शाता है कि रातें भी गर्म बनी हुई हैं, जिससे लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है।सोमवार से नौतपा शुरू हो रहे हैं। मौसम विभाग ने बताया है कि नौतपा के शुरुआती चार दिनों में अधिकतम तापमान अधिक रहेगा। मौसम में बदलाव के संकेत हैं और अधिकतम तापमान 38 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है।पिछले पांच दिनों के तापमान पर गौर करें तो मंगलवार को अधिकतम तापमान 45.02 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29.5 डिग्री दर्ज किया गया था, जो सर्वाधिक था। बुधवार को 44.8, गुरुवार को 44, शुक्रवार को 44.5 और शनिवार को 44 डिग्री अधिकतम तापमान रहा। न्यूनतम तापमान 30 डिग्री पर पहुंच गया था, हालांकि शनिवार को इसमें एक डिग्री की कमी आई।

### आज होगी टीएल की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।**

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी।

# जैन समाज के लोग प्रशासन को सौंपेंगे ज्ञापन

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। आर्यिका माताजी रीवा की दुर्घटना में समाधि के संबंध में दिगंबर जैन समाज द्वारा 25 मई को प्रातः 8.00 बजे शांतिपूर्ण मौन जुलूस निकालकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा।**

इस संबंध में शनिवार शाम 8 बजे बाजार जैन मंदिर, संत बसंतिका में सभी मंदिरों, तीर्थ क्षेत्र एवं अतिशय क्षेत्र के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समस्त दिगंबर जैन समाज इस विषय को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से अपनी भावना व्यक्त करेगा।



जानकारी के अनुसार, 25 मई को प्रातः 8.00 बजे समस्त दिगंबर जैन समाज के पुरुष, माताएं एवं बहनें बाजार जैन मंदिर में एकत्रित होंगे। इसके पश्चात मौन जुलूस बाजार जैन मंदिर से प्रारंभ होकर लक्ष्मी टॉकीज, कटरा बाजार मार्ग से गांधी चौराहा पहुंचेगा, जहां प्रशासन को शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन सौंपा जाएगा।समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

### दुष्प्रभाव से बचने एडवायजरी जारी

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी अनुरागी द्वारा गर्मी से मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुषप्रभाव से बचाव की एडवायजरी जारी करते हुए कहा कि माह जुलाई तक तापमान में बढ़ोत्तरी परिलक्षित होती है। वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग के कारण जलवायु परिवर्तन से तापमान में हो रही वृद्धि के कारण हमारे स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव परिलक्षित होता है।**

डॉ ओपी अनुरागी ने बताया कि अधिक तापमान के कारण होने वाले स्वास्थ्य पर दुष्प्रभावों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए समयानुसार उपाय किए जाए, ताकि मानव स्वास्थ्य को होने वाली हानि से यथासंभव बचाया जा सकें। हीट स्ट्रोक शरीर की वह अवस्था है। उलझन की स्थिति रहती है।

# ट्रांसफार्मर के नीचे बॉक्स में लगी भीषण आग

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जेल रोड में शनिवार देर रात ट्रांसफार्मर के नीचे बॉक्स में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल बिजली कंपनी के कर्मचारियों और दमकल टीम को सूचना दी। बिजली कर्मचारियों ने तुरंत आपूर्ति बंद की, जिसके बाद दमकल टीम ने आग पर काबू पाया।**

दरअसल, भीषण गर्मी के कारण बिजली का लोड काफी बढ़ गया है। दिन और रात का तापमान 30-31 डिग्री के बीच बना हुआ है। गर्मी से राहत पाने के लिए घरों में 24 घंटे कूलर, पंखे और एयर कंडीशनर चल रहे हैं, जिससे बिजली की खपत और लोड में वृद्धि हुई है।जेल रोड पर मुख्य डाकघर के सामने लगे ट्रांसफार्मर के नीचे बॉक्स में आग लगी। इस घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। डाकघर के पीछे बनी कॉलोनी, बैंक कॉलोनी और जेल के सामने वाली कॉलोनी में बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



आग बुझाने के बाद विद्युत कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मरम्मत का काम शुरू किया। सुधार कार्य देर रात करीब 1 बजे तक चला, जिसके बाद बिजली की आपूर्ति बहाल कर दी गई। बिजली कंपनी के शहर इंचार्ज नितिन बाथम ने बताया कि सभी इलाकों में बिजली की खपत क्षमता से दोगुनी हो रही है, जिसके कारण ऐसी समस्याएं सामने आ रही हैं। जेल रोड में शनिवार देर रात ट्रांसफार्मर के नीचे बॉक्स में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल बिजली कंपनी के कर्मचारियों और दमकल टीम को सूचना दी। बिजली कर्मचारियों ने तुरंत आपूर्ति बंद की, जिसके बाद दमकल टीम ने आग पर काबू पाया।

# आगामी पर्वों को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

**शहर के लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। आगामी बकरा ईद और अन्य त्योहारों के मद्देनजर शनिवार शाम पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इसका उद्देश्य जिले में शांति, कानून-व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बनाए रखना था। पुलिस ने शहर के प्रमुख मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।**

यह फ्लैग मार्च थाना कोतवाली से शुरू होकर मुख्य बाजार क्षेत्रों, मिश्रित आबादी वाले इलाकों और प्रमुख चौराहों से गुजरा। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी, रक्षित निरीक्षक, थाना प्रभारीगण सहित कोतवाली, देहात, यातायात और पुलिस लाइन का पर्याप्त बल मौजूद रहा। पुलिसकर्मी दंगा नियंत्रण उपकरणों जैसे हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, शील्ड, लाठी और संचार संसाधनों से सुसज्जित थे।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि जिला पुलिस का लक्ष्य प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है, ताकि सभी समुदाय आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मना सकें।उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि त्योहारों के दौरान सतर्क निगरानी, रात्रिकालीन गश्त, त्वरित प्रतिक्रिया और संवेदनशील व्यवहार को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों और शांति समितियों के साथ लगातार संवाद बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आगामी त्योहारों के दौरान प्रमुख बाजारों और चौराहों पर सघन पेट्रोलिंग की जाएगी। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी, जबकि कंट्रोल रूम से 24 घंटे मॉनिटरिंग व्यवस्था रहेगी। सीमावर्ती क्षेत्रों और प्रवेश मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया जाएगा और सोशल मीडिया की निगरानी के जरिए अफवाहों पर नजर रखी जाएगी।



टीकमगढ़ पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे त्योहारों को आपसी सद्भाव और शांति के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

**विवाद** | **थाना चंदेरा क्षेत्र के आजनारा गांव का मामला**

# मामूली कहासुनी ने लिया हिंसक रूप, दोनों पक्षों के कई घायल

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। थाना चंदेरा क्षेत्र अंतर्गत आजनारा गांव में शनिवार रात मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए।**

जानकारी के अनुसार, एक पक्ष से रहीश यादव और जशोदा घायल हुए हैं, जबकि दूसरे पक्ष से विशाल, मानसिंह, सुरेश और रानी यादव को चोटें आई हैं। गांव में हुए इस हंगामे से देर रात अफरा-तफरी का माहौल बन गया।घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को रात करीब 10 बजे जतारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।अस्पताल में भी दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगाते नजर आए। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। डॉक्टरों की मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आजनारा गांव में शनिवार रात एक मामूली कहासुनी ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। घटना के बाद गांव में देर रात तक अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बना रहा।जानकारी के अनुसार, विवाद के दौरान दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। एक पक्ष से रहीश यादव और जशोदा घायल हुए हैं, जबकि दूसरे पक्ष से विशाल, मानसिंह, सुरेश और रानी यादव को चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि किसी घरेलू बात को लेकर दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई थी, जिसके बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया।ग्रामीणों ने बताया कि विवाद बढ़ने पर मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। स्थिति बिगड़ती देख किसी ने तुरंत डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला।घटना में घायल सभी लोगों को रात करीब 10 बजे जतारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया। अस्पताल परिसर में भी दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगाते नजर आए। पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज किए हैं और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य बताई जा रही है, लेकिन घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।



### पुलिस जांच में जुटी

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। डॉक्टरों की मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आजनारा गांव में शनिवार रात एक मामूली कहासुनी ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चलने लगे।

### शिक्षा के प्रति किया जा रहा जागरूक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। महिला एवं बाल विकास विभाग एवं संवेदना फाउंडेशंस के संयुक्त प्रयास से सैनेटरी पैड बैंक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से शाला त्यागी किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।**

कार्यक्रम के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्र स्तर पर शाला त्यागी किशोरी बालिकाओं को केंद्र पर माहवारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं इससे जुड़ी झिझक को तोड़ने के साथ ही उनके समग्र स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जोड़ने हेतु जागरूक किया जाएगा। इस पहल के अंतर्गत संवेदना फाउंडेशंस द्वारा निः शुल्क सैनेटरी पैड वितरण बालिकाओं से जुड़ने एवं संवाद स्थापित करने का माध्यम होगा।

# ऑनलाइन पंजीयन कर मांगे आवेदन

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा जारी ऑनलाइन काउंसलिंग समय-सारणी के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 4 मई से 29 मई तक ऑनलाइन पंजीयन कर प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं।**

महाविद्यालय में वर्तमान में कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग जैसे रोजगारोन्मुखी एवं तकनीकी पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान, प्रायोगिक प्रशिक्षण एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होते हैं। महाविद्यालय में अनुभवी व्याख्याता, आधुनिक प्रयोगशालाएँ, कम्प्यूटर लैब, पुस्तकालय, इंटरनेट सुविधा तथा अनुशासित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु खेल, सांस्कृतिक एवं तकनीकी गतिविधियों का भी नियमित आयोजन किया जाता है। महाविद्यालय प्रशासन ने जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों से अपील की है कि वे तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन काउंसलिंग में पंजीयन कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें। अधिक जानकारी हेतु अभ्यर्थी शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र हेतु विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है।